# Chapter 4 साझेदारी फर्म का विघटन

**1. फर्म के विघटन के समय सम्पत्तियों का पुस्तकीय मूल्य वसूली खाते के किस पक्ष में लिखा जाता है**

(A) डेबिट पक्ष

(B) क्रेडिट पक्ष

(C) दायित्व पक्ष

(D) सम्पत्ति पक्ष

**Ans (A)** डेबिट पक्ष

**2. रोकड़ीकरण से प्राप्त राशि से सर्वप्रथम भुगतान होगा**

(A) साझेदारों को

(B) साझेदारों के लेनदारों को

(C) फर्म के लेनदारों को

(D) इनमें से कोई नहीं

**Ans (C)** फर्म के लेनदारों को

**3. फर्म के विघटन पर साझेदार के ऋण खाते को हस्तांतरित किया जाता है ?**

(A) वसूली खाते में

(B) साझेदारों के पूँजी खाते में

(C) साझेदारों के चालू खाते में

(D) इनमें से कोई नहीं

**Ans (D)** इनमें से कोई नहीं

**4. फर्म के समापन पर होने वाले व्यय को कहते हैं**

(A) वसूली व्यय

(B) कानूनी व्यय

(C) हानिगत व्यय

(D) इनमें से कोई नहीं

**Ans (A)** वसूली व्यय

**5. साझेदारों द्वारा फर्म का ऐच्छिक समापन किया जा सकता है**

(A) बहुमत के आधार पर

(B) 3/4 सदस्यों के निर्णय पर

(C) 1/2 सदस्यों के निर्णय पर

(D) इनमें से कोई नहीं

**Ans (A)** बहुमत के आधार पर

**6. फर्म के विघटन पर अलिखित सम्पत्ति के विक्रय से प्राप्त राशि को क्रेडिट किया जाता है**

(A) साझेदारों के पूँजी खाते में

(B) रोकड़ खाता में

(C) वसूली खाता में

(D) पुनर्मूल्यांकन खाता में

**Ans (C)** वसूली खाता में

**7. वसूली खाते के लाभ / हानि का बँटवारा साझेदारों में किया जाता है -**

(A) लाभ-विभाजन अनुपात में

(B) पूँजो अनुपात में

(C) बराबर-बराबर

(D) इनमें से कोई नहीं

Ans (A) लाभ-विभाजन अनुपात में

**8. निम्न में से कौन-सी सही वसूली लाभ या हानि है यदि सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त राशि ₹ 50,000 ; कुल सम्पत्तियाँ ₹ 60,000 ; कुल दायित्व ₹ 20,000 व वसूली के खर्चे ₹ 2,000 हो**

(A) ₹ 12,000 Loss
(B) ₹ 32,000 Profit
(C) 30,000 Loss
(D) ₹ 12,000 Profit
Ans (A) ₹ 12,000Loss

**9. निम्न में से फर्म की कुल सम्पत्तियाँ ( रोकड़ को छोड़कर ) क्या होंगी ? यदि लेनदार ₹ 15,000 , साझेदार का ऋण ₹ 10,000 , साझेदारों की पूँजी ₹ 40,000 तथा हस्तस्थ रोकड़ ₹ 5,000**

(A) ₹ 60,000
(B) ₹ 65,000
(C) ₹ 70,000
(D) 55,000
Ans (A) ₹ 60,000

**10. यदि फर्म की कुल सम्पत्तियाँ ₹ 3,25,000 हो एवं कुल बाह्य लेनदार ₹ 45,000 हो , तो साझेदारों की पूँजी की राशि होगी -**

(A) 3,70,000
(B) 2,80,000
(C) 3,00,000
(D) इनमें से कोई नहीं
Ans (B) 2,80,000

**11. साझेदार का दिवालिया होना किस प्रकार के समापन का प्रकार है ?**

(A) न्यायालय द्वारा समापन

(B) अनिवार्य समापन

(C) संयोग द्वारा समापन

(D) इनमें से कोई नहीं

**Ans (B)** अनिवार्य समापन

**12. फर्म के समापन पर सबसे अन्त में कौन - सा खाता बनाना चाहिए ?**

(A) वसूली खाता

(B) साझेदारों के पूँजी खाते

(C) रोकड़ खाता

(D) साझेदार का ऋण खाता

**Ans (C)** रोकड़ खाता

**13. फर्म के समापन को दशा में वसूली खाते को डेबिट किया जाता है**

(A) बेची जाने वाली सभी सम्पत्तियों से

(B) फर्म के सभी बाह्य दायित्वों से

(C) सम्पत्तियों के विक्रय से प्राप्त राशि से

(D) किसी साझेदार द्वारा ली गई किसी सम्पत्ति से

**Ans (A)** बेची जाने वाली सभी सम्पत्तियों से

**14. फर्म के समापन की दशा में सम्पत्तियों के विक्रय से प्राप्त राशि से सर्वप्रथम .......... भुगतान किया जाएगा**

(A) साझेदारों की पूँजी का

(B) साझेदारों द्वारा फर्म को दिए गए ऋण का

(C) साझेदार की अतिरिक्त पूँजी का

(D) बाहरी लेनदारों का

**Ans (D)** बाहरी लेनदारों का

**15. एक साझेदारी फर्म के समापन की दशा में संदिग्ध ऋण आयोजन का हस्तान्तरण किया जाता है**

(A) वसूली खाता

(B) साझेदारों के पूँजी खाते

(C) विविध देनदार खाता

(D) उपर्युक्त कोई भी नहीं

**Ans (A)** वसूली खाता

**16. समापन की दशा में भी यदि कोई साझेदार फर्म का कोई दायित्व ग्रहण करता है तो डेबिट किया जाता है**

(A) लाभ-हानि खाता

(B) वसूली खाता

(C) साझेदार का पूँजी खाता

(D) रोकड़ खाता

**Ans (B)** वसूली खाता

**17. फर्म के समापन की दशा में अलिखित सम्पत्ति के विक्रय से प्राप्त राशि को क्रेडिट किया जाता है**

(A) साझेदारों के पूँजी खाते में

(B) लाभ - हानि खाते में

(C) वसूली खाते में

(D) रोकड़ खाते में

**Ans (C)** वसूली खाते में

**18. एक साझेदारी फर्म के समापन की दशा में वसूली के लाभ-हानि की साझेदारों में विभाजित किया जाता है**

(A) पूँजी अनुपात में

(B) लाभ विभाजन अनुपात में

(C) समान

(D) उपर्युक्त कोई भी नहीं

**Ans (B)** लाभ विभाजन अनुपात में

**19. फर्म के समापन के समय चिट्ठे में दर्शाया गया सामान्य कोष का शेष क्रेडिट किया जाता है**

(A) वसूली खाते में

(B) लेनदारों के खाते में

(C) साझेदारों के पूँजी खाते में

(D) लाभ-हानि खाते में

**Ans (C)** साझेदारों के पूँजी खाते में

**20. समापन पर ख्याति खाता हस्तान्तरित किया जाता है**

(A) साझेदारों के पूँजी खाते में

(B) रोकड़ खाते के क्रेडिट पक्ष में

(C) वसूली खाते के डेबिट पक्ष में

(D) वसूली खाते के क्रेडिट में

**Ans (C)** वसूली खाते के डेबिट पक्ष में

**21. साझेदारी फर्म के समापन के समय कृत्रिम सम्पत्तियों को हस्तान्तरित किया जाता है**

(A) साझेदारों के पूँजी खाते में

(B) वसूली खाते में

(C) रोकड़ खाते में

(D) साझेदारों के ऋण खाते में

**Ans (A)** साझेदारों के पूँजी खाते में

**22. एक फर्म के समापन के समय एक साझेदार ने ₹ 1,500 समापन व्ययों का भुगतान कर दिया । कौन-सा खाता डेबिट होगा ?**

(A) रोकड़ खाता

(B) वसूली खाता

(C) साझेदार का पूँजी खाता

(D) लाभ-हानि खाता

**Ans (B)** वसूली खाता

**23. साझेदार द्वारा वसूली व्ययों के भुगतान की जिम्मेदारी लेने पर क्रेडिट किया जाएगा**

(A) वसूली खाता

(B) रोकड़ खाता

(C) साझेदार का पूँजी खाता

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**Ans (C)** साझेदार का पूँजी खाता

**24. जब साझेदार की तरफ से फर्म द्वारा वसूली व्यय का भुगतान किया जाता है तो ऐसे व्ययों को डेबिट किया जाता है**

(A) वसूली खाते में

(B) साझेदार के पूँजी खाते में

(C) साझेदार के ऋण खाते में

(D) इसमें से कोई नहीं

**Ans (B)** साझेदार के पूँजी खाते में

**25. निम्न में से किसे वसूली खाते में हस्तान्तरित किया जाता है ?**

(A) रोकड़ खाते के शेष को

(B) लाभ-हानि खाते के शेष को

(C) सम्पत्तियों के विक्रय से प्राप्त राशि को

(D) संचय को

**Ans (C)** सम्पत्तियों के विक्रय से प्राप्त राशि को

**26. फर्म के समापन पर बसूली खाते में गणना की कई हानि को किस खाते में डेबिट / क्रेडिट किया जाता है ?**

(A) रोकड़ खाता ( क्रेडिट )

(B) साझेदारों के पूँजो खाते ( डेबिट )

(C) साझेदारों के पूँजी खाते ( क्रेडिट )

(D) वसूली खाता ( डेबिट )

**Ans (B)** साझेदारों के पूँजो खाते ( डेबिट )

**27. निम्न में से किसे वसूली खाते में हस्तान्तरित नहीं किया जाता है ?**

(A) रोकड़ खाते के शेष को

(B) संचयों के शेष को

(C) लाभ - हानि खाते के शेष को

(D) उपरोक्त सभी को

**Ans (D)** उपरोक्त सभी को

**28. किसी साझेदार द्वारा ₹ 20,000 के दायित्व के भुगतान की जिम्मेदारी लेने पर क्रेडिट किया जाएगा**

(A) वसूली खाता

(B) रोकड़ खाता

(C) साझेदार का पूँजी खाता

(D) दायित्व खाता

**Ans (C)** साझेदार का पूँजी खाता

**29. चिट्ठे में दिखाई गई रोकड़ बाकी को समापन के समय दिखाया जाता है**

(A) वसूली खाते में

(B) रोकड़ खाते में

(C) पूँजी खाते में

(D) किसी भी खाते में नहीं

**Ans (B)** रोकड़ खाते में

**30. एक अलिखित सम्पत्ति ₹ 12,000 की थी जिसे एक साझेदार ने ₹ 10,500 में लिया । साझेदार का खाता ...... से डेबिट किया जाएगा –**

(A) ₹ 12,000

(B) ₹ 10,500

(C) ₹ 1,500

(D) 32,500

**Ans (B)** ₹ 10,500

**31. समापन की दशा में जब कोई साझेदार कोई सम्पत्ति लेता है तो ....... डेबिट किया जाता है**

(A) वसूली खाते को

(B) साझेदार के पूँजी खाते को

(C) रोकड़ खाते को

(D) सम्पत्ति खाते को

**Ans (B)** साझेदार के पूँजी खाते को

**32. फर्म के विघटन पर बैंक अधिविकर्ष को हस्तान्तरित किया जाता है**

(A) रोकड़ खाते में

(B) बैंक खाते में

(C) वसूली खाते में

(D) साझेदार के पूँजी खाते में

**Ans (C)** वसूली खाते में

**33. फर्म के विघटन पर , साझेदार के ऋण खाते को हस्तान्तरित करेंगे**

(A) वसूली खाते में

(B) साझेदार के पूँजी खाते में

(C) साझेदार के चालू खाते में

(D) इनमें से कोई नहीं

**Ans (D)** इनमें से कोई नहीं

**34. लेनदार और देय विपत्र जैसे दायित्वों को वसूली खाते में हस्तान्तरित करने के पश्चात् भुगतान के सम्बन्ध में सूचना के अभाव में , ऐसे दायित्वों का**

(A) भुगतान नहीं होगा

(B) पूर्ण भुगतान होगा

(C) आंशिक भुगतान होगा

(D) इनमें से कोई नहीं

**Ans (B)** पूर्ण भुगतान होगा

**35. जब साझेदार की तरफ से फर्म द्वारा वसूली व्यय का भुगतान किया जाता है तो ऐसे व्ययों को नाम किया जाता है , यह व्यय नाम होंगे**

(A) वसूली खाते में

(B) साझेदार के पूँजी खाते में

(C) साझेदार के ऋण खाते में

(D) इनमें से कोई नहीं

**Ans (B)** साझेदार के पूँजी खाते में

**36. जब गैर-अभिलेखित परिसम्पत्ति साझेदार द्वारा ली जाती है तो उसे दर्शायेंगे -**

(A) वसूली खाते के नाम पक्ष में

(B) बैंक खाते के नाम पक्ष में

(C) वसूली खाते के जमा पक्ष में

(D) बैंक खाते के जमा पक्ष में

**Ans (C)** वसूली खाते के जमा पक्ष में

**37. जब गैर-अभिलेखित दायित्वों का भुगतान किया जाता है तो दर्शायेंगे–**

(A) वसूली खाते के नाम पक्ष में

(B) बैंक खाते के नाम पक्ष में

(C) वसूली खाते के जमा पक्ष में

(D) बैंक खाते के जमा पक्ष में

Ans (A) वसूली खाते के नाम पक्ष में

**38. संचित लाभ और संचय का हस्तान्तरण किया जायेगा–**

(A) वसूली खाते में

(B) साझेदारों के पूँजी खाते में

(C) बैंक खाते में

(D) इनमें से कोई नहीं

Ans (B) साझेदारों के पूँजी खाते में

**39. फर्म के विघटन पर , साझेदारों के पूँजी खाते बन्द किये जाते हैं-**

(A) वसूली खाते के माध्यम से

(B) आहरण खाते के माध्यम से

(C) बैंक खाते के माध्यम से

(D) ऋण खाते के माध्यम से

Ans (C) बैंक खाते के माध्यम से

**40. फर्म के विघटन के समय साझेदारों के पूँजी खातों की क्रेडिट बाकी का भुगतान किया जाता है**

(A) साझेदारों को

(B) फर्म को

(C) पत्नी को

(D) इनमें से कोई नहीं

Ans (A) साझेदारों को

**41. किसी साझेदार की व्यक्तिगत सम्पत्ति का आधिक्य फर्म के लिए प्रयुक्त हो सकता है**

(A) जब फर्म की सम्पत्ति फर्म के दायित्व से अधिक हो

(B) जब फर्म को सम्पत्ति फर्म के दायित्व से कम हो

(C) जब फर्म की सम्पत्ति फर्म के दायित्व के बराबर हो

(D) जब अन्य साझेदारों की इच्छा हो

**Ans (B)** जब फर्म को सम्पत्ति फर्म के दायित्व से कम हो